अमर उजाला 04/10/2024

शिक्षा जगत

भारत और एआईसीटीई के तत्वावधान में जयपुर की एमिटी यूनिवर्सिटी में आवासीय बूट कैंप का आयोजन

पांच दिवसीय कैंप में छात्रों ने दिखाया उत्साह

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। भारत और एआईसीटीई के तत्वावधान में जयपुर की एमिटी यूनिवर्सिटी में यह पांच दिवसीय आवासीय बूट कैंप आयोजित किया।

इस आईडीई बूटकैंप संस्करण-2, चरण-1 में छावनी के जीएमएन कॉलेज में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अंतिम वर्ष के छात्रों जय सिंह चौहान, पलविंदर सिंह, अंशु गोयल, श्रुति गुलाटी ने भाग लिया। इस बूट कैंप का संचालन एआईसीटीई सदस्य डॉ. गीता कौशिक की ओर से किया। यह उद्यमशीलता कार्यक्रम एमओई सरकार के सहयोग से आयोजित किया था।

इसका उद्घाटन एआईसीटीई अध्यक्ष टीजी सीताराम ने किया। बूट कैंप में उद्यमिता, नवाचार, बिजनेस पिच और बिजनेस मॉडल आदि पर कई सत्र शामिल थे। इससे न केवल छात्रों का बल्कि उनके गुरुओं का भी ज्ञान बढ़ा।



पांच दिवसीय आवासीय बूट कैंप में मौजूद छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज के विद्यार्थी। संवाद

बूटकैंप न केवल छात्रों के लिए था बल्कि स्टार्ट अप और नवीन विचारों के लिए भी डिजाइन किया गया था। शिविर के कार्यक्रम में भामाशाह इनक्यूबेशन सेंटर का दौरा भी शामिल था।

शिविर के समापन अवसर पर विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संकाय और छात्र का परिवहन संस्थान द्वारा ही बाध्य था। छात्रों को उनके आगमन पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त, डॉ. प्रभलीन कौर, डीन फैकल्टी और श्याम रहेजा, एचओडी की ओर से प्रोत्साहित किया।